# खोजिए सही रास्ता

नीचे एक वर्ग बना है अंको से भरा। जहां शुरू लिखा है वहां से शुरू करना है और पहुंचना है नीचे के आखिरी खाने तक जहां 8 का अंक है। आपके पास चलने के लिए आठ चालें हैं। पहली चाल में आप को एक खाना चलकर 1 पर पहुंचना है। दूसरी चाल में आप यहां से दो खाने चल सकते हैं लेकिन पहुंचना 2 पर है। इसी तरह तीसरी चाल में आप अगली चाल से तीन खाने आगे बढ़ेंगे लेकिन जिस खाने पर आप पहुंचे हैं वहां 3 का अंक होना चाहिए। इसी तरह चालें चलते जाएं। आठवीं चाल में आपको आठ खाने चलना है और आखिरी खाने तक पहुंचना है जहां 8 लिखा है।

इस खेल को खेलने की दो शर्तें हैं।

1. जिस खाने को एक बार इस्तेमाल कर चुके हैं वहां दूसरी बार नहीं जा सकते। 2. आप चालें सिर्फ आड़ी या खड़ी चल सकते हैं, टेढ़ी या तिरछी नहीं। *तो शुरू हो जाइए पेंसिल लेकर।*

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| शुरू | 1 | 3 | 2 | 5 | 4 | 4 | 6 |
| 2 | 4 | 5 | 3 | 4 | 6 | 7 | 4 |
| 5 | 2 | 3 | 5 | 3 | 5 | 6 | 5 |
| 4 | 3 | 6 | 3 | 5 | 4 | 7 | 4 |
| 3 | 4 | 7 | 6 | 5 | 7 | 6 | 5 |
| 5 | 6 | 5 | 3 | 7 | 6 | 4 | 7 |
| 4 | 7 | 4 | 5 | 6 | 5 | 5 | 7 |
| 6 | 5 | 7 | 7 | 5 | 6 | 4 | 8 |